प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम

विश्वविद्यालय के खरपतवार प्रबंधन अनुंसधान परियोजना के वैज्ञानिकों द्वारा ग्राम जगदीशपुर, ब्लॉक गदरपुर, जिला ऊधम सिंह नगर में कृषकों को खरीफ एवं रबी फसलों में खरपतवार नियंत्रण की विधियां एवं उनके प्रयोग में आने वाली समस्याओं का प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ शोध अधिकारी, सस्य विज्ञान विभाग, डा. तेज प्रताप द्वारा किया गया। डा. तेज प्रताप ने सभी अतिथियों एवं किसानों का स्वागत करते हुए परियोजना के उदेश्यों एवं खरतपवार से होने वाली हानि एवं उसके प्रबंधन की जानकारी दी।

परियोजना अधिकारी, डा. वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने खरीफ फसलों में खरपतवार से होने वाले नुकसान एवं शाकनाशियों के प्रबंधन हेतु उपयोग में आने वाले विभिन्न उपकरणों एवं शाकनाशियों की उचित मात्रा और छिड़काव करते समय सावधानियों के बारे में बताया तथा किसानों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का जबाब भी दिया। डा. सिंह ने किसानों को व्हाट्सएप से जुड़ने का आवाह्न किया, जिससे किसानों की समस्याओं का समाधान वैज्ञानिकों द्वारा हो सके। कार्यक्रम के अंत में डा. तेज प्रताप ने धन्यवाद ज्ञापित किया।